Thirteenth Loksabha

Session : 13
Date : 06-08-2003

Participants : Gudhe Shri Anantrao

Title : Need to provide WLL telephones in rural areas of the country.

श्री अनंत गुढे (अमरावती) : उपाध्यक्ष महोदय, देशभर में सेल्युलर मोबाइल टेलीफोन की मांग दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। भारत संचार निगम लिमिटेड ने देशभर में यह सेवा देने का वादा जनता से किया है। लेकिन अभी भी बड़े शहरी इलाकों को छोड़ कर छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों में यह सेवा बहुत दूर है।

भारत संचार निगम लिमिटेड ने इस वर्ा 30 लाख सेल्युलर कनेक्शन चालू वर्ा 2003-04 के दौरान देने का वादा किया है। लेकिन यह लक्ष्य कम है। अन्य कम्पनियां केवल शहरों की ओर ध्यान दे रही हैं। कई ग्राहकों ने तारयुक्त घरेलू टेलीफोन के लिए डिपाजिट भरे हैं। लेकिन भारत संचार निगम लिमिटेड ने नए बेतार वाले फोन के प्रयोग के लिए तार वाले फोन देना बंद कर दिया है। मैं सरकार से निवेदन करता हूं कि डब्ल्यूएलएल सेवा को तुरंत शुरू करें।